आज पहली बार ग्रेनो से होकर मुंबई जाएगी मालगाड़ी

माई सिटी रिपोर्टर

डीएफसीसी के वेस्टर्न कॉरिडोर पर दादरी से फरीदाबाद के पृथला तक आज होगा ट्रायल

ग्रेटर नोएडा। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (डीएफसीसीआईएल) के वेस्टर्न कॉरिडोर पर शनिवार को पहली बार मालगाड़ी दौड़ेगी। मालगाड़ी ग्रेटर नोएडा के बीच से होकर गुजरेगी।

ट्रायल सफल होने के बाद कॉरिडोर पर मालगाड़ियों का संचालन शुरू हो जाएगा। हालांकि फिलहाल कॉरिडोर फरीदाबाद के पृथला तक तैयार है। उसके बाद भारतीय रेलवे की लाइन से मालगाड़ी मुंबई रवाना होगी। मुंबई से ग्रेटर नोएडा के दादरी तक डीएफसीसी का वेस्टर्न कॉरिडोर बन रहा है। ग्रेटर नोएडा से फरीदाबाद के पृथला के बीच करीब 52 किमी का हिस्सा बनकर तैयार हो गया है। इलेक्ट्रिक और डीजल इंजन से ट्रायल भी हो चुका है। अब शनिवार को डीएफसीसी पहली बार मालगाड़ी से कॉरिडोर की लाइन का ट्रायल करेगा। तिलपता स्थित कंटेनर डिपो से मालगाड़ी कंटेनर लेकर वेस्टर्न कॉरिडोर पर आएगी। वहां से फरीदाबाद के पृथला तक कॉरिडोर पर नॉनस्टाप जाएगी। मालगाड़ी की लंबाई करीब 650 मीटर होगी। डीजल इंजन से मालगाड़ी जाएगी।

डीएफसीसी के अफसरों ने बताया कि पृथला के बाद मालगाड़ी भारतीय रेलवे की लाइन पर चली जाएगी और मथुरा से होकर मुंबई के जवाहर लाल नेहरु पोर्ट तक जाएगी। कॉरिडोर शुरू होने के बाद मालगाड़ियों को अब दिल्ली के अंदर जाने की जरुरत नहीं होगी। इससे समय भी बचेगा।